# राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस समारोह


## महाविद्यालयीय प्रतिवेदन

दिनांक 14/12/2025 को पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ, में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम IIC (Institution's Innovation Council), NSS इकाई तथा विज्ञान क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सतत विकास की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के सम्माननीय प्रो. अखिलेश कुमार ने की, जिन्होंने अपने उद्बोधन में ऊर्जा संसाधनों के सीमित होते भंडार और इनके विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों तथा ऊर्जा संरक्षण के दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले उपायों पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. मिशू सिंह द्वारा अत्यंत सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से किया गया। उन्होंने कार्यक्रम के प्रत्येक चरण को सुसंगत रूप से आगे बढ़ाया और ऊर्जा संरक्षण दिवस के महत्व को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरणलता वर्मा ने भी अपना उद्बोधन प्रस्तुत किया। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण को राष्ट्रीय कर्तव्य के रूप में रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को 'ऊर्जा बचाओ–भविष्य बनाओ' की भावना अपनाने का संदेश दिया। डॉ. वर्मा ने समाज में ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा जिम्मेदार नागरिकता पर अपने विचार रखे और सभी को ऊर्जा की बचत को दैनिक आदत का हिस्सा बनाने की अपील की। साथ ही NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निशी मिश्रा ने भी ऊर्जा संरक्षण के सामाजिक तथा पर्यावरणीय महत्व पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को ऊर्जा दक्षता अपनाने एवं जागरूकता को समाज में प्रसारित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में 55 छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संकल्प भी लिया। इस गरिमामयी अवसर पर सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, जिसने कार्यक्रम को सफल एवं प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम के अंत में ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का निश्चय करते हुए समारोह का समापन किया गया।




संयोजक समिति

प्राचार्य


# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

## इनोवेशन इंस्टिट्यूट काउंसिल, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध संस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में

## 16 जनवरी 2026 राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस

आज दिनांक 16 जनवरी 2026 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर सुषमा देवी जी की अध्यक्षता में इनोवेशन इंस्टिट्यूट काउंसिल, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध संस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. अमितेंद्र सिंह, अर्थशास्त्र विभाग ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस की उपयोगिता तथा नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला तथा व्यवसाय और स्टार्टअप के अंतर को भी छात्राओं को समझाया। अर्थशास्त्र विभाग से डॉ. निशी मिश्रा ने स्टार्टअप प्रारंभ करते समय ध्यान रखने योग्य मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की और बताया कि स्टार्टअप के विचार समाज की मांग के अनुरूप होने चाहिए तथा उनका सही तरीके से लोगों तक पहुँचना आवश्यक है। उन्होंने अपने द्वारा बनाए गए हस्तशिल्प का उदाहरण प्रस्तुत कर छात्राओं को नया स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग से डॉ. विशाल वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नौकरी करने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनना चाहिए। विकसित भारत के निर्माण में हमारी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस दिवस को महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष उद्यमोत्सव के रूप में मनाया जाना चाहिए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर सुषमा देवी जी ने आशीर्वचन स्वरूप छात्राओं को बताया कि स्टार्टअप प्रारंभ करते समय नवाचार के साथ-साथ समाज की परिवर्तित मांगों को ध्यान में रखना चाहिए तथा दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती साधना सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुल 167 छात्राएं उपस्थित रहीं तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।




कार्यक्रम अधिकारी

1
2
3
4

प्राचार्य

Principal
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay,
Rajajipuram, Lucknow

# रिपोर्ट

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

## राष्ट्रीय युवा दिवस

## "शिक्षा और रोजगार"

## संगोष्ठी- 12 जनवरी 2026

आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में आई.आई.सी., राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) एवं महाविद्यालय की समारोह समिति के संयुक्त तत्त्वावधान में 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के अवसर पर "शिक्षा और रोजगार" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुषमा देवी के संरक्षण एवं कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य युवाओं को शिक्षा के महत्व, रोजगार की संभावनाओं, कौशल विकास तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान मंच के माध्यम से प्रवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित न होकर कौशल, नवाचार एवं नैतिक मूल्यों के विकास का माध्यम बननी चाहिए। उन्होंने स्वरोजगार, स्टार्टअप, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार अवसरों की जानकारी दी और छात्राओं को निरंतर सीखते रहने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने भी राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्राओं ने कहा कि युवा दिवस हमें स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों–चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास, सेवा भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण–की याद दिलाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज का युवा यदि शिक्षा और कौशल के साथ आगे बढ़े तो वह न केवल स्वयं का, बल्कि देश का भी भविष्य उज्ज्वल बना सकता है महाविद्यालय की संरक्षिका प्राचार्य महोदया ने छात्राओ को विवेकानंद जी के आदर्शो के विषय मे बताया तथा उन्हें अपने जीवन मे आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया संपूर्ण

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Government Girls P.G. College
Rajajipuram, Lucknow

कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. पूनम पाण्डेय जी द्वारा किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, जिससे कार्यक्रम और अधिक जीवंत एवं उपयोगी सिद्ध हुआ कार्यक्रम मे कुल 157 छात्राओ ने प्रतिभाग किया

कार्यक्रम के अंत में डॉ निशी मिश्रा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम मे महाविद्यालय की समरोहिका डॉ रीता अग्निहोत्री, डॉ सुरंगमा यादव, डॉ राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ किरण लता वर्मा,आई आई सी प्रभारी डॉ साधना सिंह यादव, डॉ मोनिका द्विवेदी, इत्यादि महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको ने उपस्थित हो कर छात्राओ का उत्साह वर्धन किया यह संगोष्ठी छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक रही, जिससे उनमें शिक्षा एवं रोजगार के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार हुआ




Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Government Girls P.G. College
Rajajipuram, Lucknow

(6)

रिपोर्ट

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

**संस्थान नवाचार परिषद, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मिशन शक्ति**
**के संयुक्त तत्वावधान में**

## राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण दिवस


**दिनांकः 2 दिसंबर 2025**


आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण दिवस का आयोजन आई आई सी, एन एस एस एवं मिशन शक्ति के संयुक्त तत्वावधान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अखिलेश कुमार के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. अमितेंद्र सिंह द्वारा तैयार की गई, जिसके आधार पर आयोजन को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी रूप से संचालित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका द्विवेदी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम उन्होंने राष्ट्रीय जनसंख्या नियंत्रण दिवस के महत्व और वैश्विक चुनौतियां पर प्रकाश डाला । डॉ. प्रियंका शर्मा ने अपने उद्बोधन में जनसंख्या नियंत्रण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं तथा जनसंख्या वृद्धि से उत्पन्न सामाजिक एवं पर्यावरणीय चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात् डॉ. निशी मिश्रा ने माल्थस की जनसंख्या सिद्धांत के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि, उसके प्रभावों एवं नियंत्रित जनसंख्या के महत्व को सरल व स्पष्ट रूप से समझाया।

इस कार्यक्रम में डॉ. प्रियंका शर्मा, डॉ. रीता अग्निहोत्री , डॉ सुरंगमा यादव, डॉ. शीलधर दुबे, डॉ किरण लता वर्मा डॉ साधना सिंह यादव, डॉ निशी मिश्रा, डॉ पूनम पाण्डेय, श्रीमती ममता अंबुजाननी, डॉ स्मिता पांडे तथा अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति एवं सहभागिता ने कार्यक्रम के शैक्षिक और जागरूकता उद्देश्यों को और अधिक सशक्त बनाया। साथ ही छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को अत्यंत सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम मे 152 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. मोनिका द्विवेदी ने प्राचार्य महोदय, सभी प्राध्यापक–प्राध्यापिकाओं तथा छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस प्रकार यह जागरूकता कार्यक्रम ज्ञान, सहभागिता और सकारात्मक संदेश के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।









Monika

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

(7)




Monik

प्राचार्य Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

(8)

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम लखनऊ

## मिशनशक्ति 5.0, इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में

**महिला उद्यमिता की ओरबढ़ते कदम** **19/11/2025**

महाविद्यालय में मिशन शक्ति, इंस्टिट्यूशन इन्नोवेशन काउंसिल, राष्ट्रीय सेवा योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 19 नवंबर 2025 को महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाकर 'एक कदम उद्यमिता की ओर' बढ़ने का प्रयास किया गया। छात्राओं द्वारा ई-बिजनेस मॉडल, कैंडल मेकिंग बिजनेस मॉडल के रूप में अपनी योजनाओं को बताया, इसके अतिरिक्त छात्राओं ने पानी पुरी टिक्की, भेलपुरी, मोमोज, समोसा, सैंडविच, मैक्रोनी, ढोकला, रसमलाई, पोहा इत्यादि के स्टॉल लगाए। छात्राओं द्वारा कॉस्मेटिक एवं कपड़ों का स्टॉल भी लगाया गया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय प्रोफेसर अखिलेश कुमार के संरक्षण एवं श्रीमती साधना सिंह, श्रीमती कारण लता वर्मा एवं डॉ निशी मिश्रा के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। आयोजन में कुल 186 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।




कार्यक्रम अधिकारी

19/11/25
प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

# कार्यक्रम प्रतिवेदन
## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
### तिथि: 11 नवम्बर 2025
### पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में **Institution's Innovation Council (IIC)** के तत्वावधान में Quarter 1 की निर्धारित गतिविधियों के अंतर्गत *राष्ट्रीय शिक्षा दिवस* के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:30 बजे महाविद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम की **अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी** ने की। इस कार्यक्रम की **संयोजक** श्रीमती ममता अम्बुजाननी एवं डॉ. मोनिका द्विवेदी रहीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में शिक्षा के महत्व, नवाचार की भावना तथा रचनात्मक सोच के विकास के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर ***राष्ट्रीय शिक्षा दिवस*** के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, सामाजिक महत्व तथा भारत **के प्रथम शिक्षा मंत्री *मौलाना अबुल कलाम आज़ाद*** के योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और आत्मनिर्भरता का आधार बताते हुए कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता और नवाचार की दिशा में एक सतत यात्रा है। उन्होंने छात्राओं को अपने विचारों में मौलिकता और सृजनात्मकता को स्थान देने के लिए प्रेरित किया।

सत्र के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शिक्षा, नवाचार, तथा भारतीय शिक्षकों के योगदान पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कई छात्राओं ने *राष्ट्रीय शिक्षा दिवस* के ऐतिहासिक संदर्भ में प्रेरक वक्तव्य दिए। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में छात्राओं को **सावित्रीबाई फुले** पर आधारित एक लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसमें भारतीय समाज में महिला शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले के योगदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस फिल्म ने छात्राओं को न केवल प्रेरित किया बल्कि यह समझाने का अवसर भी दिया कि शिक्षा महिलाओं के सशक्तिकरण की सबसे महत्वपूर्ण कुंजी है।

संयोजक श्रीमती ममता अम्बुजाननी एवं डॉ. मोनिका द्विवेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा उन्होंने छात्राओं को अपने विचारों को सशक्त रूप से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में 55 छात्राओं की उपस्थिति रही। सभी ने बड़े जोश और आत्मीयता के साथ राष्ट्रीय शिक्षा दिवस की भावना को आत्मसात किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। यह आयोजन अत्यंत सफल और प्रेरणादायक सिद्ध हुआ, जिसने छात्राओं में शिक्षा, नवाचार और रचनात्मक सोच के महत्व को और गहराई से स्थापित किया।


संयोजक समिति

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow










संयोजक समिति

प्राचार्य
Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow

(12)

# पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ

दिनांक 10 नवम्बर 2025- "राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस" का आयोजन

आज दिनांक 10 नवम्बर 2025 को पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम, लखनऊ में मिशन शक्ति एवं Institution's Innovation Council (IIC) के संयुक्त तत्वावधान में "राष्ट्रीय उद्यमिता दिवस" का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती साधना यादव द्वारा किया गया।इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विशाल वर्मा, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय तथा डॉ. निशि मिश्रा ने उद्यमिता के विविध पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

डॉ. विशाल वर्मा ने अपने प्रेरक वक्तव्य में कहा कि उद्यमिता केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि एक दृष्टिकोण है – यह सोच है जो हमें "रोजगार पाने वाले" से "रोजगार देने वाला" बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि यदि युवा वर्ग अपने विचारों को क्रियान्वित करने का साहस दिखाए, तो भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व अग्रणी बनने से कोई नहीं रोक सकता। डॉ. निशि मिश्रा ने कहा कि नवाचार (Innovation) और साहस (Courage) उद्यमिता की दो मुख्य आधारशिलाएँ हैं। प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर एक उद्यमी छिपा होता है – बस आवश्यकता है उसे पहचानने, पोषित करने और अवसर प्रदान करने की।

प्राचार्या प्रो. (डॉ.) सुषमा देवी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आज के युग में सफलता का मार्ग स्वयं तैयार करना ही सच्ची उद्यमिता है। उन्होंने कहा कि रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी का संगम ही "आत्मनिर्भर भारत" का वास्तविक स्वरूप है। उन्होंने छात्राओं से आहवान किया कि वे पारंपरिक सोच से परे जाकर समाज में परिवर्तन और नवाचार की अग्रदूत बनें। कार्यक्रम में प्रो. शीलधर दुबे, प्रो. प्रियंका शर्मा, डॉ. स्मिता पांडे, डॉ. किरण, डॉ. सुरंगमा यादव, डॉ. किरण लता वर्मा सहित अन्य प्राध्यापकगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में लगभग 120 छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की और उद्यमिता से संबंधित विषयों पर अपने विचार साझा किए।

अंत में यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक छात्रा अपने विचारों और सृजनशीलता के बल पर समाज में परिवर्तन की प्रेरणा बन सकती है। इस कार्यक्रम ने छात्राओं में आत्मनिर्भरता, नवाचार तथा नेतृत्व की भावना को प्रज्वलित किया।

Principal
Pt. Deen Dayal Upadhyay
Rajkiya Mahila Snakottar Mahavidhyalay
Rajajipuram, Lucknow